बिहार लोक सेवा आयोग,
15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना

वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी के पदों पर नियुक्ति के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

गृह (आरक्षी) विभाग, बिहार के अंतर्गत विधि विज्ञान प्रयोगशाला के विभिन्न प्रशाखा एवं प्रभाग में वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 08/2015 से 17/2015 के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा **CWJC No. 6657/2017, संदीप कुमार एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य** में दिनांक 19.05.2017 को पारित न्यायादेश के आलोक में अर्हित, अनर्हित एवं साक्षात्कार के लिए मेधा के आधार पर आमंत्रित उम्मीदवारों की सूची दिनांक 24.11.2017 को प्रकाशित की गई थी। उक्त प्रकाशित सूचना के आलोक में वि॰सं॰ 08/2015 से 17/2015 के अंतर्गत प्राप्त सभी आपत्ति अभ्यावेदन समीक्षोपरान्त अस्वीकृत कर दिये गये हैं। अर्हित उम्मीदवारों का साक्षात्कार दिनांक 18.01.2018 को होगा, जिसका विस्तृत कार्यक्रम आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

2.. सभी अर्हित उम्मीदवारों के साक्षात्कार पत्र **साक्षात्कार के प्रारम्भ होने की तिथि से एक सप्ताह पूर्व** से आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे, जिसे अपना अनुक्रमांक डालकर डाउनलोड किया जा सकता है। **साक्षात्कार पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।**

3. साक्षात्कार के लिए बुलाए जा रहे आवेदकों की अभ्यर्थिता पूर्णतः औपबंधिक है। साक्षात्कार में शामिल होने से उनकी अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। साक्षात्कार के समय या उसके बाद उनकी अर्हता पर यथासम्भव आवश्यक निर्णय लेने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।

यह सूचना आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

27.12.17

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना